तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 12 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 परीक्षा के तनाव, मोबाइल की लत और नशामुक्ति पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी



खबर संक्षेप

चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने लिया उत्साह से हिस्सा

अम्बिकापुर। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा द्वारा रविवार को स्टेडियम बास्केटबॉल ग्राउंडमें राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 की तैयारी के लिए प्रारंभिक चयन ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर एवं कोरिया क्षेत्र के कुल 63 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन किया। यह चयन प्रक्रिया प्रदेश के सात जोनों में आयोजित की जा रही है। चयनित खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने का अवसर मिलेगा। चयनित खिलाड़ियों के लिए 14 अक्टूबर से 3 नवंबर तक प्रथम प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में खिलाड़ियों को खेल तकनीक, फिटनेस, अनुशासन एवं टीम भावना का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इससे खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा के सचिव रजत सिंह ने बताया कि जिले एवं आसपास के क्षेत्रों में नेटबॉल के प्रति खिलाड़ियों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 के अंतर्गत खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा रहा है। इनमें 44वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप (महिला वर्ग), तीसरी सीनियर राष्ट्रीय मिक्स्ड नेटबॉल चैंपियनशिप तथा वर्ष 2027 के राष्ट्रीय खेल प्रमुख हैं। इस अवसर राष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू गुप्ता सहित संघ के पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

चोरी की दो बाइक बरामद 2 आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। वाड्रफनगर कुंभीडांड हाल मुकाम तुर्रापानी सिंह कालोनी निवासी रोहित सिंह ने अपनी बाइक सीजी 29 एजी 3079 कों कॉलोनी परिसर में खड़ा किया था और 18 सितंबर की रात कोई अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी करके ले गया। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने श्देह के आधार पर धंधापुर रेवतपुर हाल मुकाम नमनाकला पुराना पानी टंकी रोड निवासी 26 वर्षीय सुशील शांडिल्य आ. सधवन शांडिल्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपने दोस्त अभिषेक सोनी के साथ मिलकर सिंह कालोनी से बाइक चोरी करने तेल खत्म होने पर सुभाषनगर में छिपाने की बात कही। आरोपी ने बाइक की नम्बर प्लेट को निकालकर फेंक दिया था। इसके साथ ही पूछताछ करने पर आरोपी ने सुभाषनगर में राधे निवास के पास से एक अन्य बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 3084 चोरी करने और छिपाकर रखने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दूसरे आरोपी सुभाषनगर निवासी 23 वर्षीय अभिषेक सोनी आ. जवाहर सोनी को हिरासत में लेकर दोनों से चोरी की दो बाइक बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मवेशी तस्करी कर रहे दो आरोपी पकड़े गए

बलरामपुर। मवेशी तस्करी कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे सनावल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला की दो तीन लोग लगभग 10 से 15 रास गाय, बछड़ा को लेकर ग्राम कामेश्वरनगर कोरवापारा की ओर से झारखंड की ओर जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच मवेशी लेकर जा रहे सेराज निवासी राहत अंसारी आ. आशिक अंसारी (25 वर्ष) व ग्राम टाटीदीरी निवासी अख्तर अंसारी आ. लियाकत अंसारी (25 वर्ष) को पकड़ा। आरोपियों के पास से 17 नग मवेशी जब्त किया। पूछताछ में आरोपियों ने झारखंड बुचड़ खाना ले जाने की बात बताई। पुलिस ने मवेशियों को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया है।

दुर्गा की उपासना का महापर्व शुरू, मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मां दुर्गा की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र रविवार से प्रारंभ हो गया है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में माता के दर्शन हेतु भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने देवी मंदिरों में माता की विधिवत पूजा अर्चना करने के साथ ही मनोकामना दीप प्रज्वलित कर अपने व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही विभिन्न समितियों द्वारा दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा के प्रतिमाओं की स्थापना कर हवन पूजन के साथ ही कलश स्थापित किए गए। देवी मंदिरों व पंडालों में पूजा अर्चना का दौर देर रात तक चलता रहा।

■ विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ कलश स्थापना,जगमगाए मनोकामना दीप

मां दुर्गा की उपासना के पर्व शारदीय नवरात्र को लेकर भक्तों द्वारा लम्बे समय से तैयारियां चल रही थी। विभिन्न पूजन समितियों द्वारा विशाल दुर्गा पंडालों का निर्माण कराने के साथ ही मंदिरों में विशेष साफ सफाई व सजावट कराए जा रहे थे। इसके साथ ही शहर की सड़कों को भगवा रंग से सजाया गया है और रौशनी की गई है। शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को सुबह से ही शहर के प्रमुख महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, समलाया मंदिर, गौरी मंदिर, वनदेवी मंदिर, गायत्री मंदिर, सूरजपुर जिले के कूदरगढ़ धाम सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी। भक्तों ने मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना की करने की। इसके साथ ही भक्तों द्वारा मंदिरों घी व तेल के मनोकामना दीप प्रज्वलित कर अपने व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में पूजा अर्चना का यह दौर देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान सरगुजा की अराध्य देवी मां महामाया मंदिर में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। शारदीय नवरात्र को लेकर सरगुजा का माहौल भक्तिमय हो गया है।





देर शाम तक हुई मूर्ति स्थापना

नवरात्रि के पहले दिन दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। शारदीय नवरात्र को लेकर विभिन्न पूजन समितियों द्वारा भव्य व आकर्षक पंडालों का निर्माण कराया गया है इसके साथ ही माँ दुर्गा की विशाल प्रतिमा की स्थापना की गई है। भक्तों द्वारा सुबह मुहूर्त में माता दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना की और कलश के साथ ही मां दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की। पंडालों में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना का दौर देर रात तक जारी रहा। इस दौरान पहले दिन ही जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया।

5150 वीं जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, अग्रसेनमय हुआ शहर, झांकियों ने मोहा शहरवासियों का मन

11 घोड़ों की सवारी, ढोल-नगाड़ों की गूंज अग्रसेन जयंती पर सड़कों पर उतरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान श्री अग्रसेन जी की 5150वीं जयंती पर रविवार को शहर में उत्साह और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। दिन की शुरुआत सुबह करीब 5 बजे प्रभात फेरी से हुई। इसके बाद सुबह 8.30 बजे हवन-पूजन किया गया। सुबह करीब 11 बजे समाज के लोगों के लिए अग्रसेन भोज का आयोजन हुआ। शाम को नगर के विभिन्न मार्गों से निकली भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

शोभायात्रा में पुरुष एक जैसे परिधान में नजर आए, वहीं महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण की। उनकी आकर्षक सज्जा और एकरूपता लोगों के बीच चर्चा का विषय रही। महाराष्ट्र के नागपुर से आए शिवारंभ ढोल दल की गूंज ने जुलूस में नया उत्साह भर दिया। ढोल की थाप पर समाजजन झूमते और नाचते हुए आगे बढ़े। 11 घोड़े पर भगवान अग्रसेन जी के पुत्रों की सवारी शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रही। अग्रसेन जी के जीवन पर आधारित जीवंत झांकी के माध्यम से लोगों को उनके विचारों और जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। अग्रसेन दरबार, गौशाला की झांकी, लाइव ऑर्केस्ट्रा और गौरेला नृत्य दल ने भी लोगों का ध्यान खींचा। अलग-अलग झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा को भव्य रूप दिया। श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने शोभायात्रा की अगुवाई की। शहर के विभिन्न मार्गों पर लोगों और सामाजिक संगठनों ने जुलूस का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और जयकारों के बीच पूरे मार्ग पर उत्सव का माहौल बना रहा। श्री अग्रवाल सभा और महिला सभा के पदाधिकारी सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग आयोजन में शामिल हुए। जयंती को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह दिखाई दिया। शोभायात्रा में श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल और शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, घनश्याम गर्ग, पवन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मनोज जैन, विनोद अग्रवाल, कैलाश गोयल, जनम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विजय बंसल, सचिन अग्रवाल, सुशील गोयल, चिराग गर्ग, अश्वनी लाल गर्ग, आयुष अग्रवाल और आशीष अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। महिला सभा की अध्यक्ष मधु अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधु गर्ग, सचिव ममता गर्ग, अंजू पोद्दार, मंजू अग्रवाल, प्रेमलता गोयल, नीलिमा अग्रवाल, सरिता सुल्तानिया और कविता अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने आयोजन में भूमिका निभाई। युवा मंच के अध्यक्ष अतुल बंसल के साथ शुभम अग्रवाल, आर्यु गर्ग, आदित्य अग्रवाल, निखिल गोयल, तनिष गर्ग, अंश केडिया, दीप अग्रवाल, यश मित्तल, ओम गर्ग और हर्ष गोयल भी सक्रिय रहे। युवती मंच की अध्यक्ष शिखा अग्रवाल के साथ वैष्णवी अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, वैशाली गोयल, नेहा गर्ग, आस्था अग्रवाल, युक्ति तायल और साक्षा गोयल, श्रीमती संगीता अग्रवाल, श्रीमती शिवांगी अग्रवाल, श्रीमती स्तुति अग्रवाल, श्रीमती राधिका अग्रवाल ,श्रीमती इशिका अग्रवाल, श्रीमती निकिता सिंघल ,श्रीमती प्रिया अग्रवाल, श्रीमती प्रीति अग्रवाल सहित पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ समाज के महिला एवं पुरुष सहित बच्चे मौजूद थे।





अग्रसेन चौक पर महाआरती

शोभायात्रा के वापस पहुंचने पर भगवान श्री अग्रसेन चौक पर महाआरती की गई। आकर्षक रोशनी के बीच हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने आरती कर समाजजनों को अग्रसेन जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

साइबर ठगी के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, पकड़े गए पांच आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने साइबर ठगी के मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह के पांच आरपियों को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी एमपी व हरियाणा के रहने वाले है। आरोपियों ने दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस फिलहाल मामले की विवेचना कर रही है।

■ एमपी, महाराष्ट्र और हरियाणा के रहने वाले है आरोपी

बताया जा रहा है कि गांधीनगर निवासी व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को टेलीकॉम कंपनी का अधिकारी बताया और उसके नाम पर फर्जी सिम चालु होने व उसकी शिकायत दिल्ली पुलिस से करने की बात कही। बाद में एक अन्य व्यक्ति ने वीडियो कॉल कर खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया और खाते से अवैध लेनदेन होना बोलकर डरा धमका कर कुल 22 लाख रूपये रिजर्व बैंक से उसकी जमा राशि का वेरीफिकेशन कराने के नाम पर अलग अलग बैंको का खाता प्रार्थी को उपलब्ध कराकर उसमें राशि स्थानांतरित कर ठगी किया गया था। इस मामले में आईजी दीपक झा के साइबर रेज थाना को जांच के निर्देश दिए थे। आईजी के निर्देश पर साइबर थाना की टीम द्वारा मामले में जांच की गई और जांच के आधार पर टीम को एमपी के भोपाल और महराष्ट्र भेजा गया था। इस दौरान पुलिस ने महाराष्ट्र से एमपी नर्मदापुरम निवासी साहिल ठाकुर को हिरासत में लिया। आरोपी के खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई थी। आरोपी ने अपने खाते को कार्तिक निकम नामक युवक को बेचने की बात कही। कार्तिक निकम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह विभिन्न लोगो से बैंक खाता इक्टठा करके उसकी पूरी किट खाते से लिंक सीम के साथ बस से भोपाल भेजता था। इस कार्य के लिए वह टेलीग्राम ग्रुप से जुडा हुआ था। आरोपी साहिल ठाकुर से ठगी की राशि एक अन्य बैंक खाता जिसका धारक आरोपी उजेर शेख था में पैसा ट्रांसफर होने पर आरोपी उजेर शेख को हिरासत में लेने पर उक्त राशि को सेल्फ चेक के माध्यम से आहरण करना बताया। पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर अन्य दो आरोपी अर्जित विश्वकर्मा एवं हर्ष के पतासाजी की गई जिसका काम विभिन्न लोगो से बैंक खाता प्राप्त करके ठगी की राशि को उन खातों में डलवाना तथा उसके बदले में मुख्य आरोपियों को यूएसडीटी किप्टो में बदलकर देना था। इस कार्य के लिए विभिन्न ये लोग टेलीग्राम ग्रुप से जुड़े हुये थे। आम लोगो से आरोपी उंची दर पर यूएसडीटी क्रिप्टो खरीदते थे जिसके लालच में लोग फंसते थे और किप्टो बेचकर ठगी की राशि प्राप्त करने से उनके भी बैंक खाते में होल्ड लग जाता था और ठगी की राशि उनके खाते में आने से वे भी सह आरोपी बनते है। इस प्रकार से संपूर्ण ठगी की राशि को ⏭शेष पेज 4 पर

घर में खेल रहे तीन वर्षीय मासूम की ऑटो की चपेट में आने से मौत

कोरबा। जिले के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभाठा में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घर में खेल रहा बच्चा उस समय ऑटो के पहियों की चपेट में आ गया, जब परिजन वाहन को बाहर निकाल रहे थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल बच्चे को परिजन तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है। हादसे की सूचना मिलने पर बालको पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जांजगीर चांपा जिले के सिवनी भदरा निवासी हर्ष कुमार (3 वर्ष), पिता दिल कुमार के रूप में हुई है।

चेक बाउंस मामले में युवक को एक साल की जेल व पांच लाख रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चेक अनादरण के मामले में आनंद कुमार श्रीवास नामक युवक को जेएमएफसी कोर्ट ने दोषसिद्ध करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष के सश्रम कारावास और 5 लाख रुपये के जुर्माना से दण्डित किया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को 3 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए परिवादी देवी प्रसाद यादव ने बताया कि आनंद कुमार श्रीवास द्वारा गुप्ता गली में सेलून का संचालन किया जाता है, जहां परिवादी देवी प्रसाद से अभियुक्त आनंद कुमार श्रीवास का परिचय हुआ। इस दौरान आनंद कुमार श्रीवास उसकी माता शिव कुमारी श्रीवास और आनंद की पत्नी सुमन श्रीवास को अपने कार्य हेतु पैसे की आवश्यकता होने पर उन्होंने देवी प्रसाद यादव से संपर्क किया। परिवादी द्वारा आनंद कुमार श्रीवास को उनके व्यवसाय एवं पारिवारिक कार्य हेतु 3 जून 2023 को तीन लाख नब्बे हजार रूपये प्रदान किए गए थे।

केन मेमोरियल के हॉस्टल में छात्र की करंट की चपेट में आकर मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाले कक्षा आठवी के छात्र की देर रात संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई। छात्र हॉस्टल के कमरे में लगे दरवाजे को खोल रहा था तभी दरवाजे में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने के बाद देर रात उसे हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने हॉस्टल में रखरखाव एवं व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजन का कहना कि हॉस्टल में व्याप्त अव्यवस्था एवं लापरवाही से एक नाबालिग छात्र की जान चली गई। इस घटना के बाद से माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है। वही परिजन में चिंता का माहौल बन गया है।

उक्त घटना ग्राम सुर स्थित केन मेमोरियल स्कूल के हॉस्टल की है जहां जशपुर जिले के ग्राम तमता निवास शिक्षक विकास के 15 वर्षीय पुत्र आशुतोष रहकर कक्षा आठवी की पढ़ाई करता था। शनिवार की रात वो जब हॉस्टल के रूम का दरवाजा खोला तो उसे झटका लगा और छात्र बेहोश हो गया। छात्र को उपचार हेतु देर रात हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। छात्र के मौत के पीछे करंट लगने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि छात्र ने जिस दरवाजे को खोला था उसमें करेंट प्रवाहित हो रहा था।जिसकी चपेट में छात्र आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना की खबर पाते ही ⏭शेष पेज 4 पर

हॉस्टल व्यवस्था पर खड़े हुए सवाल

केन मेमोरियल स्कूल द्वारा संचालित हॉस्टल में नाबालिग छात्र की मौत से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। मृत छात्र के परिजन का कहना है कि हॉस्टल में व्याप्त अव्यवस्था एवं लापरवाही ने होनहार छात्र एवं माता पिता के इकलौते बेटे की जान ले ली। इस घटना के बाद से हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के परिजन के माथे पर चिंता की लकीरें गहरा गई है। हॉस्टल के कमरे के दरवाजे में करंट का प्रवाहित होने और प्रबंधन को इसकी भनक तक नही लगना घोर लापरवाही को दर्शाता है। परिजनों ने हॉस्टल की व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि प्रबंधन को हॉस्टल के रखरखाव एवं व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए था। अगर प्रबंधन गंभीरता से ध्यान दी होती तो आज एक नाबालिग छात्र की जान नही जाती।

कोरबा मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में अव्यवस्था का आलम

600 से ज्यादा छात्र, रहने की जगह सिर्फ 240 के लिए, हॉल में बिस्तर लगाकर कर रहे गुजारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉक्टर बनने का सपना लेकर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अब रहने की व्यवस्था के लिए भी जूझना पड़ रहा है। कोरबा मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या 600 के पार पहुंच गई है लेकिन झगरहा स्थित आईटी कोरबा इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में संचालित छात्रावास की क्षमता महज 240 विद्यार्थियों की है। नए सत्र में 125 विद्यार्थियों के प्रवेश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। जगह की कमी के चलते विद्यार्थियों को कमरों में समायोजित करने के साथ छात्रावास के बड़े हॉल में बिस्तर लगाकर अस्थायी व्यवस्था करनी पड़ रही है।

गौरतलब है कि मेडिकल की पढ़ाई के लिए दूसरे स्थानों से आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश के साथ बुनियादी आवासीय सुविधा मिलने की उम्मीद रहती है लेकिन कोरबा मेडिकल कॉलेज का संचालन मौजूदा वक्त में झगरहा स्थित आईटी कोरबा इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन में किया जा रहा है। इसी परिसर में कक्षाओं के साथ छात्रावास की व्यवस्था भी है। कॉलेज में विभिन्न सेमेस्टर के विद्यार्थियों की कुल संख्या 600 से अधिक हो चुकी है, जबकि छात्रावास में केवल 240 विद्यार्थियों के रहने की क्षमता है। नए सत्र में 125 विद्यार्थियों के प्रवेश के बाद आवास की समस्या ने गंभीर रूप ले लिया। जगह कम पड़ने पर प्रबंधन को उपलब्ध कमरों में विद्यार्थियों को समायोजित करना पड़ा। वहीं कुछ नए विद्यार्थियों के रहने के लिए छात्रावास के बड़े हॉल में बिस्तर लगाने पड़े हैं। इस अस्थायी व्यवस्था से विद्यार्थियों को फिलहाल गुजारा करना पड़ रहा है। छात्रावास में जगह की कमी अचानक पैदा हुई समस्या नहीं है। कॉलेज में पहले से ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी निर्धारित थी। ऐसे में अतिरिक्त आवास की जरूरत का अनुमान लगाया जा सकता था। पूर्व में भी इस संबंध में डीन से सवाल किया जा चुका है। उस समय नए विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की व्यवस्था तलाशने की बात कही गई थी। इसके बावजूद प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी स्थायी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बन सकी। अब विद्यार्थियों को उपलब्ध कमरों और हॉल में की गई अस्थायी व्यवस्था के सहारे रहना पड़ रहा है। विद्यार्थियों में इस स्थिति को लेकर नाराजगी बताई जा रही है। हालांकि, भविष्य में इसी कॉलेज में पढ़ाई जारी रखनी होने के कारण वे खुलकर अपनी परेशानी जाहिर करने से बच रहे हैं।



हॉस्टल में छात्रों के लगे हुए बेड।

खबर संक्षेप

शराब पीकर वाहन चलाने वाले तीन पर जुर्माना

बैकुण्ठपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पटना थाना पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले तीन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। न्यायालय ने तीनों चालकों पर 10-10 हजार रुपए के हिसाब से कुल 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 7 अक्टूबर 2026 को पटना थाना पुलिस ने वाहन चालकों की जांच के दौरान तीन लोगों को शराब के नशे में वाहन चलाते पाया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने प्रत्येक चालक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

बिजुरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



बिजुरी। क्षेत्र अन्तर्गत थाना प्रभारी विकास सिंह की अध्यक्षता तथा नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष सहबिन पनिका के विशेष आतिथ्य में आयोजित इस बैठक में नवरात्रि के दौरान नगर में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, विभिन्न स्थानों पर स्थापित होने वाले दुर्गा पंडालों में आयोजित भंडारे, कन्या पूजन तथा अन्य धार्मिक आयोजनों के व्यवस्थित संचालन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में डीजे संचालन, धार्मिक आयोजनों के दौरान शांति एवं अनुशासन बनाए रखने तथा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने जैसे महत्वपूर्ण विषय भी चर्चा के केंद्र में रहे। शांति समिति की बैठक का उद्देश्य नवरात्रि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना रहा। बैठक में उपस्थित लोगों ने पर्व के दौरान आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने पर चर्चा की।

चिरमिरी में फेडरेशन ने मनाया स्थापना दिवस



कोरिया कॉलरी। लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अपना 64वां स्थापना दिवस चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.के. शुक्ला का एलआईसी अभिकर्ताओ द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण चिरमिरी में नवनिर्मित लियाफी भवन का फीता काटकर उद्घाटन रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनकर तिवारी ने संगठन के 64वें स्थापना दिवस पर सभी अभिकर्ताओ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एलआईसी अभिकर्ता दिन-रात मेहनत कर आम नागरिकों और परिवारों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

नौ दिनों तक होगी मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना, पूजा पंडालों में उमड़ेंगे श्रद्धालु

नवरात्र शुरू, देवी मंदिरों में जले मनोकामना ज्योत





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र रविवार से प्रारंभ हो गया। शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ ही जिलेभर के देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया।

आगामी 9 दिनों तक मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दौरान माता का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार कर उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इस वर्ष देवी का आगमन गज यानी हाथी पर हुआ है, जबकि प्रस्थान घोड़े पर होगा।

पंडितों के अनुसार, घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 10:15 बजे से शुरू हुआ। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:44 बजे से दोपहर 12:31 बजे तक रहा। शुभ मुहूर्त में पूजा समितियों ने मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना प्रारंभ की। इसके साथ ही जिले में नौ दिनों तक चलने वाले भक्ति और आस्था के पर्व की शुरूआत हो गई। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम आरती व पूजन किया जाएगा। विभिन्न पूजा पंडालों में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। नवरात्र के पहले दिन से ही देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं, शाम ढलते ही पूजा पंडालों में भी भक्तों की आवाजाही बढ़ने लगेगी। शुरूआती दिनों में पंडालों में अपेक्षाकृत कम भीड़ रहती है, लेकिन जैसे-जैसे नवरात्र के दिन आगे बढ़ते हैं, श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा होने लगता है। इससे पूरे शहर में मेले जैसा माहौल नजर आने लगता है।

दूसरे दिन भी हुआ प्रतिमाओं का उठाव

शहर में नवरात्र की शुरूआत वाले रविवार को भी मूर्तिकारों के यहां से कई पूजा समितियों ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं का उठाव किया। इस दौरान समितियों के सदस्य बाजे-गाजे और डीजे के साथ प्रतिमाएं लेने पहुंचे। इससे एक दिन पहले अधिकांश पूजा समितियां प्रतिमाओं का उठाव कर चुकी थीं, जबकि रविवार को भी कई पंडालों में प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारियां जारी रहीं।

कलश यात्रा निकालकर की गई पूजा की शुरूआत

रविवार को बैकुण्ठपुर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। कलश स्थापना के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू हुई। इससे पहले ओड़गी स्थित पूजा समिति की ओर से दोपहर में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इसी तरह अन्य स्थानों पर भी कलश यात्राएं निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

देवी मंदिरों में प्रज्वलित हुए मनोकामना ज्योत

नवरात्र के पहले दिन प्रमुख मंदिरों में हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए गए, जो आगामी नौ दिनों तक मंदिरों में आस्था और भक्ति के प्रतीक के रूप में प्रज्वलित रहेंगे। खड़गवां के निकट चनवारीडांड स्थित मां महामाया मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मनोकामना दीप प्रज्वलित किए। इसी तरह जनकपुर क्षेत्र के भगवानपुर स्थित देवी मंदिर में भी आस्था के ज्योत जलाए गए।



परीक्षा के तनाव, मोबाइल की लत और नशामुक्ति पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, कोरिया एवं शासकीय नर्सिंग कॉलेज, बैकुंठपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल, महलपारा में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 के प्रति किया जागरूक

जिला कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के आदेशानुसार तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, परीक्षा के दबाव से निपटने, मोबाइल के संतुलित उपयोग और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। शासकीय नर्सिंग कॉलेज, बैकुंठपुर की प्रोफेसर डॉ. अंजना सैमुअल ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2026 की थीम मानसिक स्वास्थ्य के लिए आपदा एवं आपातकालीन स्थितियों में सहायता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाली चिंता और तनाव से निपटने के उपाय बताए। उन्होंने पढ़ाई की बेहतर योजना बनाने, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया।

दुर्गा पंडालों और मंदिरों के समीप बढ़ेगी सुरक्षा

बैकुण्ठपुर। जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और पुलिसिंग में सुधार को लेकर पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने रविवार को रक्षित केंद्र स्थित कांफ्रेंस हॉल में अपराध समीक्षा बैठक ली।

- एसपी ने ली अपराध समीक्षा

बैठक में उन्होंने सभी थाना-चौकी प्रभारियों और विवेचकों को लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट कहा कि थाने पहुंचने वाले किसी भी शिकायतकर्ता को निराश होकर नहीं लौटना पड़े। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए तथा की गई कार्रवाई की जानकारी शिकायतकर्ता को भी दी जाए। बैठक में पुलिस मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय एवं वरिष्ठ कार्यालयों से जारी निर्देशो के पालन की समीक्षा की गई। जिन निर्देशो का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना शेष है, उन्हें तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही थाना, चौकी और रक्षित केंद्र प्रभारियों को वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त निदेर्शों की जानकारी अधीनस्थ कर्मचारियों को नियमित गणना के दौरान देने के लिए कहा गया। नवरात्रि पर्व को देखते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। गरबा स्थलों, दुर्गा पूजा पंडालों और प्रमुख मंदिरों के आसपास नियमित पेट्रोलिंग तथा विजिबल पुलिसिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। डीजे और लाउडस्पीकर के उपयोग में निर्धारित समय-सीमा एवं ध्वनि मानकों का पालन कराने के निर्देश दिए गए। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में महिला सुरक्षा बल की तैनाती और अतिरिक्त पेट्रोलिंग करने के साथ असामाजिक तत्वों, शराब पीकर उत्पात मचाने वालों तथा तेज रफ्तार और स्टंट करने वाले वाहन चालकों पर नजर रखने को कहा गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीओपी मोहसीन खान, उप पुलिस अधीक्षक अजाक नेलशन कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर सहित जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारी, विवेचक, यातायात प्रभारी, साइबर सेल, सीसीटीएनएस, महिला सेल, कंट्रोल रूम, डीएसबी और पुलिस अधीक्षक के रीडर उपस्थित रहे।



लंबित प्रकरणों के निराकरण में लाएं तेजी

एसपी ने सभी थानों के अपराध संबंधी आंकड़ों की सिलसिलेवार समीक्षा की। इस दौरान विवेचकों से लंबित अपराध, मर्ग, चालान और एक माह से अधिक समय से लंबित वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों की जानकारी ली गई। उन्होंने लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण कर क्राइम पेंडेंसी की दर कम करने के निर्देश दिए।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

बैठक में यातायात व्यवस्था को लेकर भी निर्देश दिए गए। तीन सवारी बैठाकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने और अनावश्यक हॉर्न बजाने वाले दुपहिया चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई बढ़ाने को कहा गया। मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बैठाकर परिवहन करने वालों पर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए।

अग्रसेन जयंती पर समाजजन ने की आरती-पूजन

महाराजा अग्रसेन की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण

बैकुण्ठपुर। अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर बैकुंठपुर में श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की नवनिर्मित प्रतिमा का भव्य अनावरण श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और विभिन्न समाजों के लोगों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना की गई।

समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन की आरती उतारकर सामाजिक एकता, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात महाराजा अग्रसेन की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण किया गया। अनावरण के बाद समाजजनों ने विधिवत आरती-पूजन कर श्रद्धा व्यक्त की। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना रहा। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में विधायक भईयालाल राजवाड़े, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेष शिवहरे, नगरपालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, उपाध्यक्ष आशीष यादव, पार्षद मनीष, भानुपाल, अनिल खटिक, अभिनेन्द्र एवं संजय जायसवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और बृजवासी तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं समाज की ओर से आशीष गुप्ता, अतुल गुप्ता, मुकुल गुप्ता, सुशील गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, रमेश गुप्ता, ज्ञानप्रकाश गुप्ता, रिंकू गुप्ता, कमलेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, राजेश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, गौरव गुप्ता, रविकांत गुप्ता, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अनुपम गुप्ता, रोहित गुप्ता, सीटू अग्रवाल और सुदीप अग्रवाल आदि शामिल हुए।



महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को अपनाने का संदेश

महाराजा अग्रसेन के आदर्श समाज में समानता, सेवा, सहयोग और परस्पर सद्भाव की प्रेरणा देते हैं। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के माध्यम से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक एकता को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सहभागिता के वातावरण में संपन्न हुआ।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

बैकुण्ठपुर। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह एवं सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला चिकित्सालय एवं नर्सिंग कॉलेज के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तथा रंगोली, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से बालिका संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने तथा उन्हें शिक्षा और विकास के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया।



पारंपरिक कथावाचन में राजनंदिनी ने हासिल किया प्रथम स्थान

बैकुण्ठपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने कला उत्सव के अंतर्गत आयोजित पारंपरिक कथावाचन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले को गौरवान्वित किया है।

छात्रा राजनंदिनी सिंह और छात्र विकास कुमार ने क्लस्टर स्तर के बाद संभागीय स्तर की प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय एवं परिवार में हर्ष का माहौल है। जानकारी के अनुसार, दोनों विद्यार्थियों ने सबसे पहले क्लस्टर स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद ओडिशा के जवाहर नवोदय विद्यालय, कटक में आयोजित भुवनेश्वर संभागीय स्तर की प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में ओडिशा और छत्तीसगढ़ के जवाहर नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में राजनंदिनी सिंह ने महान पंडवानी गायिका एवं पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई की विशिष्ट कथावाचन शैली में पांडवों की कथा प्रस्तुत की। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला पंडवानी की परंपरा को मंच पर साकार कर दिया। प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने तीजन बाई की अद्वितीय कला और सांस्कृतिक विरासत के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की।



मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करें, समय पर उपचार लें

मनेन्द्रगढ़। मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। मानसिक तनाव, अवसाद और घबराहट जैसी समस्याओं को छिपाने के बजाय समय पर सहायता लेना बेहतर जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय चिरमिरी में जागरूकता रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम अनुभवों को सुनें, वास्तविक आवाजें-वास्तविक बदलाव रखी गई। कार्यक्रम के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक भ्रांतियों एवं अंधविश्वास को दूर करने और जरूरतमंदों को समय पर चिकित्सकीय सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन, सिविल सर्जन डॉ. अभय सिंह तोमर के नेतृत्व तथा जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) डॉ. नम्रता चक्रवर्ती के समन्वय में आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिशिर जायसवाल एवं प्रभारी हॉस्पिटल मैनेजर वीरेन्द्र साव का विशेष सहयोग रहा। रैली में के.बी. पटेल नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं, जिला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने नारों और जागरूकता संदेशों वाली तख्तियों के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य के समान ही महत्वपूर्ण है।

बैकुंठपुर नगर पालिका चुनाव को लेकर भाजपा ने भरी हुंकार

बैकुंठपुर। नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के आगामी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियों को तेज करते हुए शनिवार को नगर में विशाल जुलूस एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मातृशक्ति, युवा साथियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी से पूरा वातावरण भाजपामय नजर आया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बैकुंठपुर के घड़ी चौक पर भाजपा नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। हाथों में कमल के झंडे लिए कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर निकले। भाजपा के नारों और कार्यकर्ताओ के उत्साह से नगर का वातावरण गूंज उठा।

TOP IN SURGUJA















खबर संक्षेप

आदिवासी समाज की तरह मुस्लिम समाज को भी यूसीसी से रखा जाए बाहर

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता को लेकर मुस्लिम समाज में गंभीर चिंता व्याप्त है। जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक



विभाग सरगुजा के अध्यक्ष रशीद अहमद अंसारी ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि यदि प्रस्तावित यूसीसी में अनुसूचित जनजातियों को बाहर रखने का प्रावधान या प्रस्ताव रखा जाता है तो उसी प्रकार मुस्लिम समाज को भी इसके दायरे से बाहर रखने के विकल्प पर विचार किया जाए, ताकि समुदाय अपनी धार्मिक मान्यताओं, शरीयत आधारित पारिवारिक नियमों और परंपराओं के अनुरूप अपने धार्मिक अधिकारों का पालन कर सके। मुस्लिम समाज का मानना है कि शरीयत आधारित व्यक्तिगत कानून उसकी धार्मिक आस्था, जीवन-पद्धति और सामाजिक परंपराओं का अभिन्न हिस्सा हैं। इसलिए इन कानूनों को संरक्षण दिया जाना चाहिए और यूसीसी के माध्यम से ऐसा कोई प्रावधान लागू नहीं किया जाना चाहिए, जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक स्वतंत्रता प्रभावित हो। हमारा कहना है कि जब संविधान धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के सिद्धांतों को मान्यता देता है, तो मुस्लिम समाज की धार्मिक मान्यताओं तथा शरीयत से जुड़े व्यक्तिगत कानूनों को लेकर उसकी चिंताओं पर भी गंभीरता और संवेदनशीलता से विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि यदि प्रस्तावित यूसीसी में अनुसूचित जनजातियों को बाहर रखने का प्रावधान या प्रस्ताव रखा जाता है, तो उसी प्रकार मुस्लिम समाज को भी इसके दायरे से बाहर रखने की मांग पर गंभीरता से विचार किया जाए। शरीयत आधारित व्यक्तिगत कानूनों और मुस्लिम समाज की धार्मिक मान्यताओं को उचित कानूनी संरक्षण प्रदान किया जाए। यूसीसी का मसौदा सार्वजनिक किया जाए और मुस्लिम धर्मगुरुओं, विधि विशेषज्ञों, महिलाओं तथा सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ व्यापक संवाद किया जाए। धार्मिक स्वतंत्रता, समानता और संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी समुदाय की धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं की अनदेखी करते हुए उस पर कोई कानून न थोपा जाए।

आधुनिक भारत के निर्माण में गांधी के सिद्धांत बहुत उपयोगी : सुदामा



सेदम। शासकीय महाविद्यालय बतौली में आयोजित व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता गांधीवादी चिंतक एवं साहित्यकार सुदामा राम गुप्ता ने कहा कि आधुनिक भारत निर्माण में गांधी के सिद्धांत बहुत उपयोगी है। व्याख्यानमाला में विशिष्ट अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.आर. भगत, साक्षर भारत बतौली के परियोजना अधिकारी उमेश गुप्ता, प्रो. तारा सिंह मरावी, प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी, प्रो. बलराम चंद्राकर, प्रो. श्रीमती सुभागी भगत, प्रो. जिवियन खेस्स एवं अतिथि शिक्षक गोपाल यादव, शिल्पी एक्का, श्रीमती मनीषा एक्का एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बतौली के समन्वयक चंद्रभान मौजूद रहे। मुख्य वक्ता सुदामा राम गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने संपूर्ण देश को सत्य और अहिंसा के राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। महात्मा गांधी के विचारों में सर्वधर्म समभाव, एकता, भाईचारा और समता निहित है जिसे आत्मसात करते हुए वैश्विक परिदृश्य में भी शांति स्थापित किया जा सकता है। व्याख्यानमाला में उमेश गुप्ता और राजनीति विज्ञान के अतिथि शिक्षक गोपाल यादव ने भी अपने विचार अभिव्यक्त किया। व्याख्यानमाला का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी ने किया।

साईं धाम में स्वच्छता से दिव्यता कार्यक्रम का आयोजन



बिश्रामपुर। श्री सत्य साईं सेवा संगठन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार साईं समिति द्वारा स्वच्छता से दिव्यता कार्यक्रम के तहत साईधाम में प्रातः 9 बजे बालविकास बच्चों को नारायण ब्रह्मा शॉर्ट फिल्म दिखाई गई,इसके उपरांत बाल विकास बच्चों के द्वारा स्वच्छता स्लोगन का तख्ती लिए एवं नारों के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें 28 बालविकास बच्चे,पांच बाल विकास गुरु एवं सात पुरुष सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के महिला एवं पुरुष सदस्यों की प्रमुख भूमिका रही।

कनहर नदी में डूब रहे युवक को विजय ने बचाया, साहस की हो रही सराहना

रामानुजगंज। पितृपक्ष के तर्पण के अंतिम दिन कनहर नदी में महामाया मंदिर के सामने स्नान के दौरान राजेंद्र गुप्ता अचानक गहरे पानी में डूबने



लगे। छोटे भाई को डूबता देख बड़े भाई विद्या गुप्ता ने भी नदी में छलांग लगा दी और उसे बचाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान वे स्वयं भी डूबने लगे। इसी बीच नदी में तर्पण कर रहे विजय केसरी की नजर दोनों भाइयों पर पड़ी। उन्होंने तत्काल पानी में छलांग लगाकर साहस और सूझबूझ का परिचय दिया तथा कड़ी मशक्कत के बाद राजेंद्र गुप्ता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते बचाव होने से एक बड़ा हादसा टल गया। विजय केसरी की तत्परता, बहादुरी और सूझबूझ की मौके पर मौजूद लोगों ने सराहना की। उनके साहसिक प्रयास से राजेंद्र गुप्ता की जान बच सकी।

बोरी में भरकर खपाने के फिराक में था आरोपी

6 लाख कीमत की नशीले कैप्सूल, टैबलेट एवं कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

नशेड़ियों एवं नशे के कारोबारियों के विरूद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने सीतापुर क्षेत्र के तपेश्वरी मैदान में बोरी में लेकर खड़े एक युवक को पकडा। टीम ने युवक के पास से 6 लाख कीमत की नशीले दवाइयों का जखीरा जब्त किया। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर रिमांड में लिया है।

खास बात
- संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम की कार्रवाई

ऑपरेशन क्लीन के तहत आज संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में सीतापुर क्षेत्र में गश्त करने गई थी। जैसे ही टीम सीतापुर क्षेत्र के तपेश्वरी गौड़ा मैदान पहुंची तो एक युवक बोरी के साथ खड़ा दिखाई दिया। संदेह के आधार पर टीम ने जैसे ही सरकारी वाहन रोका तो युवक वाहन के रूकने पर भागने लगा। युवक के अचानक भागने पर संदेह पुख्ता होने पर तत्काल नगर सैनिक युवक का पीछा कर कुछ ही दूर में पकड़ लिया। टीम द्वारा जब पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम संजय विश्वकर्मा बताया और बोरी में नशीले दवाइयां होने की बात कबूल की। जब टीम ने बोरी की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए। बोरी में भारी मात्रा में नशीला कैप्सूल, टैबलेट एवं कफ सिरप था। टीम ने बोरी से 14 हजार 144 नग कैप्सूल, 1 हजार 990 नग तथा 20 नग कफ सिरप बोरी में भरा हुआ था। सभी नशीले पदार्थ का बाजार मूल्य लगभग 6 लाख रुपए है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि समस्त नशीले पदार्थ सीतापुर निवासी अनमोल गुप्ता का है उसके साथ वह बिजनेस करता है। गढ़वा जाकर अनमोल गुप्ता के लिए लाता है। टीम ने नशीले पदार्थ को जब्त कर आरोपी संजय विश्वकर्मा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) और 22(सी)के तहत गिरफ्तार कर रिमांड लिया जा रहा है। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक श्याम सुन्दर सिंह, दीपक पांडे, नगर सैनिक गणेश पाण्डेय, रणविजय सिंह, रोहित सोनवानी सक्रिय रहे।



नशीले दवाई के साथ आरोपी व संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम।

ऑपरेशन क्लीन के लिए है बड़ी सफलता

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि सूखे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के लिए यह बहुत बड़ी सफलता है। लंबे समय से सीतापुर में इन लोगों की शिकायत प्राप्त हो रही थी जिसके बाद सफलता हाथ लगी हैं। नशे के सौदागरों पर कोई दया नहीं दिखाई जाएगी।सरगुजा संभाग को नशीले इंजेक्शन, कफ सिरप,टैबलेट,गांजा जैसे नशीले पदार्थों से मुक्त कराना ही हमारा उद्देश्य है। रंजीत गुप्ता ने बताया कि मैं सोशल मीडिया के माध्यम से सभी को नशे के व्यापार से दूर रहने के लिए इतनी हिदायत दे रहा हूं उसके बावजूद भी लोग यह व्यापार नहीं छोड़ पा रहे हैं जिसका खामियाजा उनके परिवार को भुगतना पड़ रहा है।

कई आरोपी जेल दाखिल

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा सीतापुर और बतौली सहित लुण्ड्रा क्षेत्र में कार्रवाई कर कई नशे के कारोबारियों को पकड़ा है जिसमें से अधिकांश आरोपी जेल में है। पूर्व में ही टीम ने बतौली क्षेत्र में गश्त पर जाने के दौरान ही 6 लाख कीमत के 12 सौ नशीले इंजेक्शन के साथ सप्लायर को पकड़ा था। दोनों बतौली सहित आसपास क्षेत्र में नशीले इंजेक्शन खपाने का काम करते थे। इसके अलावा सीतापुर क्षेत्र से भी नशे के कारोबारियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

जारी रहेगा धर पकड़

संभाग में नशीले इंजेक्शन सहित गांजा व शराब की अवैध कारोबारियों की धरपकड़ जारी रहेगा। अब तक नशीले पदार्थ के विरूद्ध कई कार्रवाई की जा चुकी है और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा।

-रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने निर्वाचन कार्यों में तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचन संबंधी कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिदार ने राजपुर तहसील का औचक निरीक्षण कर शासकीय महाविद्यालय में निर्वाचन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ की बैठक लेकर मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बीएलओ की बैठक
- 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश, कन्या महाविद्यालय में छात्राओं से भरवाए जाएंगे फॉर्म-6

उप जिला निर्वाचन अधिकारी शासकीय कन्या महाविद्यालय भी पहुंचे, जहां पात्र छात्राओं के मतदाता पंजीयन के लिए फॉर्म-6 भरवाने की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने प्राचार्यों और बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर पात्र छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन भरवाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाए। इसके लिए महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को जागरूक कर पंजीयन कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया गया। निर्वाचन कार्यों में लापरवाही नहीं बरतने और सभी प्रविष्टियां सटीक रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एसडीएम अनमोल विवेक विवेक टोप्पो, तहसीलदार प्रतीक जायसवाल, नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर नागदेव, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीतन पैंकरा और बीएलओ उपस्थित थे।

जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन सुविधा से स्वास्थ्य सेवाओं का बढ़ा दायरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन सुविधा शुरू होने से जिले के मरीजों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों के लिए यह सुविधा लाभदायक साबित हो रही है। पहले सीटी स्कैन जांच कराने के लिए मरीजों को अंबिकापुर जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा जिला चिकित्सालय में ही उपलब्ध होने से मरीजों को राहत मिल रही है।



सीटी स्कैन जांच की सुविधा से सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर चोट लगने, मस्तिष्क में रक्तस्राव या खून का थक्का बनने, स्ट्रोक एवं पैरालिसिस, कैंसर एवं ट्यूमर, छाती से संबंधित बीमारियों एवं संक्रमण, पेट संबंधी बीमारियों तथा मिर्गी जैसी स्थितियों में मरीजों की जांच करने में सहायता मिल रही है। इससे गंभीर मरीजों की बीमारी का पता लगाने और आगे के उपचार की दिशा निर्धारित करने में सुविधा हो रही है। सीटी स्कैन सुविधा में अब तक 302 मरीजों को इस जांच का लाभ मिल चुका है। जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विधि भारद्वाज एवं सीटी स्कैन टेक्नीशियन अंकुश गुप्ता द्वारा मरीजों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध होने से जिले के नागरिकों को स्थानीय स्तर पर जांच कराने का अवसर मिल रहा है। इससे मरीजों एवं उनके परिजन के समय और आवागमन के खर्च में बचत हो रही है। साथ ही गंभीर बीमारियों की पहचान एवं समय पर उपचार की प्रक्रिया को भी मजबूती मिल रही है। उल्लेखनीय है कि 21 मई को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जिला चिकित्सालय सूरजपुर में सीटी स्कैन सुविधा का शुभारंभ किया गया था। जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन सुविधा का विस्तार जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा आम नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ग्रामीणों की समस्या सुनने मंत्री नेताम ने रुकवाया काफिला टुकु नाला पर पुलिया निर्माण का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम पंचायत गम्हरिया के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की समस्या सुनने के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने चिनियाँ खेल मैदान के पास अपना काफिला रुकवाया। ग्रामीणों ने गम्हरिया स्थित टुकु नाला पर पुलिया निर्माण की मांग रखी। मंत्री ने उनकी बात गंभीरतापूर्वक सुनते हुए आवश्यक पहल और यथाशीघ्र कार्रवाई के प्रयास करने का आश्वासन दिया।

मंत्री श्री नेताम अपने निवास से रामानुजगंज में आयोजित पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गम्हरिया के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उनसे मिलने आ रहे हैं, लेकिन समय पर नहीं पहुंच सके। सूचना मिलते ही उन्होंने रास्ते में काफिला रुकवाकर सभी से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि टुकु नाला से होकर गुजरने वाला मार्ग ग्राम पंचायत गम्हरिया को मुख्य सड़क से जोड़ता है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों का आवागमन होता है। पुलिया के अभाव में बरसात के दौरान आवाजाही में परेशानी होती है और विद्यार्थियों को जोखिम उठाकर विद्यालय जाना पड़ता है।



ग्रामीणों ने इसे पंचायत की प्रमुख समस्या बताते हुए पुलिया निर्माण की मांग की। मंत्री श्री नेताम ने ग्रामीणों की परेशानियों से अवगत होने पर मांग के समाधान हेतु आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया। इस दौरान जनपद सदस्य अशर्फी यादव, सरपंच सुषमा सिंह, इरफान अंसारी, उपसरपंच जयमंगल सिंह, राजकिशोर सिंह, नरेश यादव, मंजूर आलम, कृष्णा यादव, रामलाल सिंह, देवनारायण सिंह, अरविंद यादव, मंसूर आलम, सुरेश यादव, प्रयाग यादव, विचारन राम, रमेश सिंह, राजू राम, पारसनाथ यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

अम्बिकापुर। युवक ने अज्ञात कारण से पहले कीटनाशक पी लिया फिर बहन को देखने के लिए बुलाया। युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सोनतराई बैगापारा निवासी अविनाश चौहान आ. स्व. अमित चौहान (19 वर्ष) 6 अक्टूबर को बड़े भाई के साथ खेत के समीप बोर घर में गया था। इसी दौरान युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। कीटनाशक पीने के बाद युवक घर आया और बहन को फोन कर कीटनाशक पी लेने की बात बताई और देखने आने की बात कही। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कार का गेट खुलते ही स्कूटी सवार महिला टकराई, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बतौली के थाना रोड में शो रूम के आगे सड़क पर खड़ी कार के चालक ने लापरवाह पूर्वक अपना गेट खोल दिया। अचानक गेट के खोल देने से ग्राम भटकों जा रही स्कूटी सवार महिला टकरा कर सड़क पर गिर गई जिससे घायल हो गई। महिला को डायल 112 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां इलाज जारी है। इधर मौके पाकर चालक कार लेकर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार बतौली अंतर्गत ग्राम पोकसरी निवासी शकुंतला पैकरा पति सुरेश पैंकरा स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डी एक्स 2191 से चौपाल के बैठक में शामिल होने खड़धोवा जा रही थी। जैसे ही थाना रोड स्थित शो रूम के पास पहुंची तभी थाना रोड पर पहले से खड़ी कार क्रमांक सीजी 11 ए के 8596 के चालक ने लापरवाह पूर्वक अचानक कार के की गेट खोल दिया जिससे स्कूटी सवार शकुंतला सीधे गेट से टकरा कर



सड़क पर गिरी और पैर में गंभीर चोट आने से घायल हो गई। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 की टीम ने तत्काल घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली में भर्ती कराया जहां महिला का उपचार जारी है। इधर मौका पाकर चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। हालांकि दुर्घटना कारित कार की एक व्यक्ति ने फोटो खींच लिया था। बताया जा रहा है कि कार क्रमांक सीजी 11 ए के 8596 अंबिकापुर चर्च रोड निवासी दिलीप कुमार सिंह आ.ता अरविंद कुमार सिंह का है।

सिलफिली कॉलेज में साइबर ठगी से बचाव के लिए लगा जागरूकता कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

डिजिटल दौर में ऑनलाइन ठगी के निरंतर बढ़ते मामलों के बीच विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव और जागरूक करने के उद्देश्य से जयनगर पुलिस ने शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

- जयनगर पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए आवश्यक सलाह एवं टिप्स

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में जयनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अमित गुप्ता ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने



विद्यार्थियों को सतर्क रहने के साथ-साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को समझाया कि साइबर अपराधी अलग-अलग तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास किया जाता हैं,कभी बैंक अधिकारी बनकर, तो कभी केवाईसी अपडेट करने, इनाम जीतने, नौकरी दिलाने अथवा अन्य आकर्षक ऑफर का लालच देकर लोगों से उनकी गोपनीय जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाता है। ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा कर मोबाइल से संबंधित गोपनीय जानकारी, बैंक खाते का विवरण, पासवर्ड अथवा ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन और इंटरनेट का इस्तेमाल करते समय थोड़ी-सी लापरवाही भी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है। अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध एप डाउनलोड करने और किसी के कहने पर स्क्रीन शेयर करने से भी बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी होती है, तो बिना देर किए साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। साथ ही साइबर अपराध से संबंधित आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने और स्थानीय पुलिस को सूचना देने की भी सलाह दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि साइबर ठगी की जानकारी देने में देरी करने से धनराशि वापस मिलने की संभावना प्रभावित हो सकती है। इसलिए घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित बैंक और पुलिस को सूचित करना चाहिए तथा लेनदेन से जुड़े संदेश, स्क्रीनशॉट और अन्य साक्ष्य सुरक्षित रखने चाहिए। जागरूकता और समय पर कार्रवाई से साइबर अपराधों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगाई गई ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर राजमता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जागरूकता एवं परामर्श ओपीडी का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने, मानसिक समस्याओं से जुड़े भ्रम एवं भ्रांतियों को दूर करना तथा जरूरतमंद लोगों को उचित परामर्श एवं उपचार के लिए प्रेरित के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में आमजन को संदेश दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करना जरूरी है। मानसिक परेशानी होने पर चुप रहने या संकोच करने के बजाय समय पर

- जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दी गई जानकारी



परामर्श एवं उपचार लेना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के पंजीयन हॉल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं परामर्श ओपीडी के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं परामर्श प्रदान किया गया। लोगों को बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य की तरह ही महत्वपूर्ण है। तनाव, चिंता, अवसाद, नींद की समस्या तथा अन्य मानसिक परेशानियों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी समस्याएं होने पर समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। इस अवसर पर लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, अपनी समस्याओं को परिवार एवं विश्वसनीय लोगों के साथ साझा करने, नियमित दिनचर्या बनाए रखने, पर्याप्त नींद लेने तथा योग, व्यायाम एवं अन्य स्वस्थ आदतों को जीवनशैली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया एवं वी केयर नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया साथ ही मानसिक रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने और उन्हें सामाजिक सहयोग प्रदान करने की आह्वान किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अविनाश मेश्राम एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी के निर्देशन एवं उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान संबंधित विभाग के चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी, नर्सिंग के छात्र-छात्रा एवं अन्य उपस्थित रहे।

स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गिरवानी नाला चिखलाडीह के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार संजय पार्क समीप निवासी विश्वजीत सिंह आ. शशिभूषण सिंह (25 वर्ष) शनिवार को दोस्त नागेश्वर के साथ बाइक से किसी काम के सिलसिले में प्रतापपुर गया था। रात को दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे और जैसे ही गिरवानी नाला चिकलाडीह के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कूटी सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने पर दोस्त आदित्य गुप्ता ने मौके पर पहुंच दोनों घायलों को मिशन अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की जानकारी परिजन को दी। इसी बीच देर रात उपचार के दौरान विश्वजीत सिंह की मौत हो गई वहीं घायल नागेश्वर का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

खबर संक्षेप



कंवर समाज कल्याण समिति के सदस्यों ने किया रक्तदान

सूरजपुर। कंवर समाज कल्याण समिति द्वारा वीर शहीद सीताराम कंवर का 168 वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा, विशाल रक्तदान शिविर व पौधरोपण कार्यक्रम ग्राम करौटी बी पंचयात भवन में किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा शहीद वीर सीताराम कंवर के छायाचित्र पर दीपक जलाकर पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। अतिथियों द्वारा वीर शहीद सीताराम के आदर्शों पर चलने व सामाजिक नियमावली का पालन करने की बात कही। समाज के मुखियाओं द्वारा पौधारोपण किया गया। साथ ही 300 से ऊपर मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया गया। समाज के मुखियाओं द्वारा स्वास्थ्य विभाग के टीम व सभी रक्त दानदाताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समाज के लोगों द्वारा रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्तदान किया गया। विगत 8 वर्षो से लगातार जरूरतमंद मरीजों को अभी तक 300 यूनिट से अधिक रक्तदान समाज की ओर से ब्लड बैंक जिला अस्पताल को दिया गया है। इस दौरान डॉ. राजेश पैकरा, इंद्रभान सिंह, शिव कुमार पैकरा, देवेंद्र पैकरा, मोतीलाल पैकरा, दहन राम,अशोक कुमार, राधेयाम पैकरा, पीताम्बर पैकरा, रामेश्वर पैकरा, मन्नी बाई पैकरा, राजेंद्र पैकरा, खुलेश्वर, अमरनाथ पैकरा, सोनीलाल, मोहनलाल पैकरा, ललित पैकरा, महेन्द्र पैकरा देव प्रसाद पैकरा,डॉ. राजेश पैकरा, डॉ. यशोदा मिर्धा, डॉ. ऋषि पांडेय, डॉ. उज्जवल पाण्डेय, बिनोद सिंह, गीतांजलि पैकरा, इंद्रभान सिंह, जय सिंह, कुलदीप सिंह, अशोक कुमार सिंह, विमला राजवाड़े, डॉ राजेश पैकरा, रन्मानिया पैकरा,रामवृक्ष पैकरा, मोतीलाल पैकरा, महेश पैकरा, सत्यप्रकाश पैकरा, अशोक पैकरा, रावेन्द्र पैकरा, हरिकेश्वर पैकरा, विजय पैकरा शिवकुमार पैकरा व अशोक कुमार पैकरा, रामसाय पैकरा,जय प्रकाश पैकरा, देवेंद्र पैकरा सहित कंवर समाज के लोग उपस्थित थे।

आसन बने ऑल इंडिया गवर्नमेंट ड्राइवर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

अंबिकापुर। ऑल इंडिया गवर्नमेंट ड्राइवर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय-अर्द्ध शासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आसन सिंह सांडिल्य को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर चयनित किया गया है। इस अवसर पर श्री सांडिल्य ने शीर्ष राष्ट्रीय नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिन्होंने मुझ जैसे एक छोटे से सारथी पर इतना बड़ा विश्वास जताया, मैं उनके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूँगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से मिली इस जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से निभाएंगे। इस चयन से छग के चालक समाज में हर्ष की लहर है।



उरांव मूली पड़हा समाज के पदाधिकरियों ने ली शपथ



सीतापुर। उरांव मूली पड़हा समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया। उरांव मूली पड़हा भवन में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राजी पड़हा भारत बेल अधिवक्ता बागी लकड़ा के मुख्य आतिथ्य में नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया। इस दौरान शपथ ग्रहण करने वालों में तिलक राम अध्यक्ष अनिल केहरी, सचिव शोभन राम, उपसचिव धरमु राम बघेल कोषाध्यक्ष एवं जयराम भगत को कानूनी सलाहकार के रूप में शपथ ग्रहण किया। इसके अलावा अनिल निराला कोटवार जगेराम भगत करटहा बन्देराम बैरागी सलाहकार अध्यक्ष समेत रामकेश्वर राम भगत बादीराम बैजनाथ राम बसंत राम भगत मनधीर राम ने पंच एवं मनसुख राम नागेश्वर राम पीटर भगत दयाराम को सलाहकार पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर काफी संख्या में उरांव समाज के पुरूष महिला एवं युवा सदस्य उपस्थित थे।

नवयुवक मां दुर्गा पूजा समिति 27 वर्षों से कर रही धार्मिक आयोजन, भक्तिमय हुआ माहौल

बस स्टैंड में विधि-विधान से हुई मां दुर्गा की कलश स्थापना



पण्डाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर के स्थानीय बस स्टैंड में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर नवयुवक मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा मां जगत जननी दुर्गा की कलश स्थापना विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी का आह्वान कर सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कलश स्थापना के साथ ही पूजा स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

नवयुवक मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा लगातार 27 वर्षों से नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति इस वर्ष भी नवरात्रि महापर्व को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक तैयारियों के साथ जुटी हुई है। समिति के कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि के दौरान माता रानी का पूजन-अर्चन पूरे विधि-विधान से किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही नगर के उत्साही कलाकारों द्वारा माता रानी के दरबार में गरबा नृत्य एवं गरबा-डांडिया जैसे आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। भव्य जगराता, रावण दहन सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की भी तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ नगरवासियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से एकजुट करना और नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना है। समिति द्वारा इस वर्ष आयोजन को और भी भव्य बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई हैं। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, संरक्षक कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, नवीन सोनू जायसवाल, अमित सोनी, सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आयुष अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल, गोलू अग्रवाल, रूपम मित्तल एवं सुमित गुप्ता सहित समिति के सदस्य सक्रिय है।

खास बात

- नवरात्रि में भंडारा, गरबा-डांडिया, जागरण और रावण दहन सहित होंगे विविध कार्यक्रम

बाइक व स्कूटी रैली के साथ लेकर आए मां दुर्गा की प्रतिमा



अम्बिकापुर। शारदीय नवरात्रि पर्व लेकर अनोखी सोच संस्था के पदाधिकारी व सदस्य सहित वार्ड के महिला व युवतियों ने बाइक व स्कूटी रैली के साथ मां दुर्गा के जयकारे लगाते मां दुर्गा की प्रतिमा लेकर आए और भव्य पंडाल में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर विराजित किए। अनोखी सोच संस्था द्वारा मां दुर्गा पूजा को लेकर कुछ दिन पूर्व से ही तैयारियां शुरू की और इस वर्ष पंडाल को भव्य रूप से सजाया गया है। नवरात्र के पहले दिन संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा की। शहर के मणिपुर, दरींपारा में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी अनोखी सोच संस्था द्वारा शारदीय नवरात्रि पर होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। मातृशक्ति के इस महापर्व को लेकर मां के भक्तों में काफी उल्लास है। मोहल्ले के विशाल जनसमूह के साथ संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू के नेतृत्व में सदस्यों एवं मोहल्ले की महिलाएं व युवतियों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा लेने गए और मां दुर्गा के जयकारों के साथ प्रतिमा को ससम्मान लाकर आकर्षक सजे पंडाल में विराजित किया। जहां प्राण-प्रतिष्ठा के साथ माता का पूजन शुरू किया।

- विधि विधान से की गई स्थापना

कलश यात्रा के साथ रगदा में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ, मां दुर्गा के जयकारों से गूंजा पूरा गांव



मैयाथान। ग्राम पंचायत रगदा में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ श्रद्धा, आस्था और भक्तिमय माहौल के बीच हुआ। प्रथम दिवस विधि-विधान से कलश यात्रा निकाली गई। मां दुर्गा के जयकारों के साथ निकली इस यात्रा में पूरा गांव भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु विभिन्न देवालयों में पहुंचे, जहां देवी-देवताओं का आवाहन कर पूजा-अर्चना की गई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे गांव का भ्रमण किया। इसके बाद गोबरी नदी पहुंचकर विधिवत जल उठाव किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों और माता रानी के जयकारों के बीच यात्रा पुनः भागवत पंडाल पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। नवरात्र के प्रथम दिवस पूजा स्थल पर विधि-विधान से घट स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी से परिवार, गांव और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। शारदीय नवरात्र शक्ति की उपासना और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। ग्राम रगदा में सार्वजनिक दुर्गा पूजा के आयोजन से ग्रामीणों में विशेष उत्साह है। पहले ही दिन कलश यात्रा और धार्मिक अनुष्ठानों ने पूरे गांव को भक्ति के रंग में रंग दिया।

रेणुका नदी से दशहरा मैदान तक निकली कलश यात्रा, बाजे-गाजे के साथ स्थापित की गई मां दुर्गा की प्रतिमा



मानीचौक। क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेडरी में दशहरा एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर महिलाओं ने 111 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु शामिल हुए। प्रत्येक वर्ष की भांति धार्मिक परंपराओं के अनुसार कलश यात्रा रेणुका नदी से प्रारंभ हुई, जो लंबी कतार के साथ दशहरा मैदान तक पहुंची। यात्रा में महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ कलश धारण किया। वहीं बाजे-गाजे के साथ निकली इस यात्रा में श्रद्धालु मां दुर्गा की भक्ति में लीन नजर आए। कलश यात्रा के दशहरा मैदान पहुंचने के बाद विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

शारदीय नवरात्र पर मां समलेश्वरी और मां कालरात्रि की आराधना में उमड़ा जन आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



कोयलांचल समेत आसपास इलाके में शारदीय नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही पूरा क्षेत्र मां दुर्गा की भक्ति और आराधना में सराबोर हो गया है। आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर तथा स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर केनापारा में शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। सुबह से ही दोनों देवीधामों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां भगवती के समक्ष सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की।

शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां समलेश्वरी महामाया मंदिर में भक्तों द्वारा शुभ मुहूर्त में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद घी के 291 और तेल के 662 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए गए। वहीं स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर में श्रद्धालुओं ने तेल के 365 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए हैं। ज्योति कलशों की रोशनी और माता के जयकारों से दोनों देवीधामों में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव से मां के दर्शन कर रहे हैं। नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक देवी के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से क्षेत्र में आध्यात्मिक उल्लास बना रहेगा। कोयलांचल क्षेत्र में मां समलेश्वरी महामाया मंदिर और मां कालरात्रि मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र माने जाते हैं। नवरात्र के अवसर पर यहां आसपास के गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराने की परंपरा के तहत भक्त अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए मां से परिवार की सुख-शांति, अच्छी सेहत और जीवन में खुशहाली की कामना करते हैं। नवरात्र शुरू होते ही क्षेत्र के मंदिरों और पूजा पंडालों में रौनक बढ़ गई है। घरों से लेकर सार्वजनिक पूजा स्थलों तक देवी आराधना की जा रही है।श्रद्धालुओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।शारदीय नवरात्र के साथ ही धार्मिक आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां भी जोर पकड़ने लगी हैं। विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा गरबा आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गरबा के माध्यम से श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना करते हुए पारंपरिक नृत्य और संगीत का आनंद लेंगे। वहीं विजयादशमी के अवसर पर होने वाले रावण दहन को लेकर भी पुतला तैयार करने का काम शुरू हो गया है।

नवरात्रि के पहले दिन सरगुजा के पहले श्री सिद्धि विनायक मंदिर में वाटर कूलर का शुभारंभ



अम्बिकापुर। मां वनेश्वरी देवी मंदिर परिसर स्थित श्री सिद्धिविनायक मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां वनेश्वरी देवी और भगवान श्री गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। वाटर कूलर की व्यवस्था रामदेव साहू और उनकी पत्नी श्रीमती शकुंतला देवी की ओर से की गई है। साथ ही मंदिर परिसर में कई स्थानों पर नल भी लगाए गए हैं, ताकि दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को पेयजल की सुविधा मिल सके। नवरात्रि के दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में यह व्यवस्था उनके लिए राहतकारी होगी। मंदिर प्रबंधन के अनुसार मां वनेश्वरी देवी मंदिर की ख्याति लगातार बढ़ रही है। सरगुजा के पहले सिद्धिविनायक मंदिर में वर्ष भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। 3 वर्ष पहले श्री सिद्धि विनायक मंदिर की स्थापना की गई थी। नवरात्रि के दिनों में यहां भक्तों की संख्या और बढ़ जाती है। आसपास के क्षेत्रों के साथ ही दूर-दराज से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। दूर से आने वाले भक्तों को अब मंदिर परिसर में ही ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

सेंध लगाकर जेवर दुकान में घुसे नकाबपोश, चाकू की नोक पर लूट

अंबिकापुर। लुंड्रा के रघुनाथपुर स्थित जेवर दुकान में सेंधमारी और लूट का मामला सामने आया है। दुकान में घुसे नकाबपोश लुटेरों ने संचालक के पुत्र से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चांदी के जेवर लेकर फरार हो गये। इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- रघुनाथपुर बस स्टैंड के समीप हुई घटना, दुकान में ही सोया था संचालक

बताया जा रहा है कि लुंड्रा के रघुनाथपुर स्थित बस स्टैंड के समीप अशोक सोनी की अशोक ज्वेलर्स के नाम से दुकान संचालित है। दुकान के पीछे दो अतिरिक्त कमरे बने हुए है। संचालक अपने दुकान के सोने के जेवर रात को घर लेकर चले जाते है। इसके साथ ही संचालक का एक पुत्र रात के समय दुकान में ही सोता है। इस बीच बीती रात तीन अज्ञात नकाबपोश लुटेरे दुकान के पीछे स्थित रहर बाड़ी की तरफ से पिछले के दो कमरों में सेंध लगाकार लकड़ी का दरवाजा खोल लिया और अंदर घुस आए। दुकान में संचालक का पुत्र करण सोनी सो रहा था इस लिए जेवर दुकान वाले कक्ष का दरवाजा बंद नहीं था। देर रात लगभग तीन बजे नकाबपोश बदमाश दुकान से चांदी के जेवर एकत्रित कर रहे थे। इसी बीच करण सोनी की नींद खुल गई। दुकान में तीन नकाबपोश लोगों को देखकर वह डर गया और शोर मचाने लगा। शोर मचाने पर बदमाशों ने बांस के डंडे से उसपर हमला कर दिया। इस दौरान डंडा टूट गया। दुकान में लुटेरों के घुसने पर संचालक ने शोर मचाया तो अपराधियों ने चाकू निकाल लिया और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान हिम्मत दिखाते करण सोनी ने कुर्सी से लुटेरों को धकेलना शुरू किया और दुकान के बाहर करने के बाद दरवाजा बंद कर लिया। युवक ने परिजन और पुलिस को घटना की सूचना दी। जबतक पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी वहां से भाग चुके थे। दुकान से चांदी के गिलास, ब्रेसलेट के साथ ही आर्टिफिशियल ज्वेलरी के लूट की बात सामने आई है। इस घटना के बाद परिवार दहशत में है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस फोरेंसिक, डॉग स्क्वायड की टीम के साथ मौके पर पहुंची थी। पुलिस घटना की जांच कर रही है। इस संबंध में चौकी प्रभारी आर्यन पटेल ने बताया कि सेंध लगाकर लूट की गई है। घटना की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

पेज 1 के शेष...

साइबर ठगी के अंतर्राज्यीय...

एक संगठित रूप से विभिन्न लोगो को कमिशन देकर उनसे बैंक खाता लेना तथा उसके बदले में यूएसडीटी किप्टो करेंसी में बदलकर प्राप्त किया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने एमपी नरसिंहपुर निवासी 23 अर्जित विश्वकर्मा आ. सियाराम विश्वकर्मा, हरियाणा सिवाड़ी कोसली निवासी 21 वर्षीय हर्ष आ. विक्रम सिंह, महाराष्ट्र नवी मुम्बई निवासी 28 वर्षीय उजेर युसूफ शेख आ. युसुफ शेख, एमपी नर्मदापुरम रसुलिया निवासी 24 वर्षीय साहिल सिंह ठाकुर आ. साहिब सिंह ठाकुर व 21 वर्षीय कार्तिक निकम आ. विजय कुमार निकम को हिरासत में गिरफ्तार किया है जबकि विवेचना चल रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अश्वनी सिंह, प्रधान आरक्षक अमित निकुंज, आरक्षक अमरेन्द्र सिंह, इर्मतयाज अली, दिग्पाल सिंह सक्रिय रहे।

केन मेमोरियल के हॉस्टल में...

मृत छात्र के माता पिता हॉस्पिटल पहुंचे और अपने बेटे के शव से बिलख बिलखकर रोने लगे। मृतक आशुतोष अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। जिसे उसके घरवाले पढ़ाई के लिए केन मेमोरियल स्कूल में दाखिला कराये थे। मृतक छात्र हॉस्टल में रहकर कक्षा आठवी की पढ़ाई कर रहा था। छात्र पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी काफी होनहार था। माता पिता को अपने इकलौते बेटे से काफी उम्मीदें थीं लेकिन केन मेमोरियल स्कूल के हॉस्टल ने उनकी सारी उम्मीदों को एक झटके में ही खत्म कर दिया। इस घटना से मां सदमे में आ गई है उसका रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम करते हुए छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए शव परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने कहा कि हॉस्टल में रहने वाले छात्र की मौत करंट की वजह से होना प्रतीत होता है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मौत के बारे में स्पष्ट बताया जा सकता है। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भेलवाडीह आवासीय विद्यालय के ग्रिल से भाग निकले आठ बच्चे

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले के भेलवाडीह स्थित आवासीय विद्यालय से बड़ी लापरवाही सामने आई है। आवासीय विद्यालय के छात्रावास से आठ बच्चे फरार हो गए। फरार हुए बच्चों में चार बच्चों को लोगों ने गुमटी में चोरी करते हुए पकड़ लिया। इस घटना के बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आवसीय विद्यालय के समक्ष एकत्रित होकर जमकर हंगामा मचाया और बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए। इधर इस मामले में जांच के बाद सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने संस्था की प्रभारी प्राचार्य को हटा दिया है और मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय भेलवाडीह से 8 बच्चे 8 अक्टूबर की रात छात्रावास की ग्रिल हटाकर भाग निकले थे। बच्चे गांव में ही ठेला गुमटी से बिस्किट चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने चार बच्चों को पकड़ लिया जबकि चार बच्चे भाग निकले। बच्चों के पकड़े जाने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ तो हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आवासीय विद्यालय के बाहर एकत्रित होकर जमकर हंगामा मचाया और प्रचारी प्राचार्य श्रीमती सुफला टोप्पो पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना था कि प्राचार्य द्वारा सही तरीके से संस्था का संचालन नहीं कर रही है और इसके पहले भी बच्चे संस्था से भाग चुके है। इस मामले में विभाग ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि छात्रावास का ग्रिल पहले से टूटा हुआ था और पहले भी बच्चे इस ग्रिल से भाग चुके है लेकिन प्राचार्य द्वारा इसके मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया। जांच के बाद विभाग ने प्राचार्य श्रीमती टोप्पो को उसके मूल पद शासकीय उमावि पस्ता भेज दिया गया है और एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य धनेश्वर राम को संस्था का प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है।

- प्राचार्य प्राचार्य को हटाया गया, जांच के बाद कार्रवाई



